# अखिल भारतीय गांधर्व महाविद्यालय मंडल, मुंबई.

परीक्षा सत्र : नवम्बर-दिसम्बर 2021

**परीक्षा का नाम : विशारद प्रथम (द्वितीय प्रश्नपत्र)**

**विषय : गायन तथा स्वरवाद्य वादन**

दि. 30/01/2022 समय : दोपहर 2 से 5 कुल अंक : 75

सूचनाएँ : (1) किन्ही पाँच प्रश्नोंके उत्तर लिखिये ।
(2) सभी प्रश्नों के अंक समान है ।

प्र. 1 गणित के आधार पर पं. व्यंकटमखी के 72 थाटों की रचना विशद करें । (15)

प्र. 2 भारतीय वाद्योंका वर्गीकरण करके हर एक प्रकारमें दो दो वाद्योंका उदाहरण दे । परीचय देते समय आकृती रेखाटन कर सकते है । (10+5)

प्र. 3 किन्ही एक कलाकार का सांगीतिक योगदान लिखें । (15)

i) बाळकृष्णबुवा इचलकरंजीकर

ii) उस्ताद बिसमिल्लाह खान

प्र. 4 निम्नलिखित किसी एक विषयपर निबंध लिखें । (15)

i) शास्त्रीय संगीत में बंदिशोंका महत्व (उदाहरण द्वारा विवेचन करें)

ii) चित्रपट संगीत में शास्त्रीय संगीत का समावेश (उदाहरण द्वारा)

प्र. 5 रागों का विभाजन समयचक्र द्वारा कैसे होता है ? इसके बारे में विस्तृत जानकारी दे । (15)

प्र. 6 जोडियाँ लगाईये । (5)

(सा)

| | | |
|---|---|---|
| i) | पं. निखिल बॅनर्जी | संतूर |
| ii) | पं. शिवकुमार शर्मा | व्हायोलीन |
| iii) | पं. हरीप्रसाद चौरासिया | सतार |
| iv) | पं. गजाननराव जोशी | तबला |
| v) | पं. किशन महाराज | बासरी |

(रे) रिक्त स्थानों की पूर्ती करें । (5)

i) शास्त्रीय संगीत में ________ गीतप्रकार द्रुत लय में गाते है ।

ii) ________ यह गीतप्रकार पंजाबी भाषा में प्राय: गाया जाता है ।

iii) मध्यम स्वर को ____________ स्वर कहते है ।

iv) ____________ संधीप्रकाश राग प्रात:काल में गाते है ।

v) भैरवी थाट का जनक राग ____________ है ।

(ग) सही या गलत चुनें । (5)

i) गौडसारंग और वृंदावनी सारंग का थाट एक ही है ।

ii) मारुबिहाग और बिहाग रागों का थाट भिन्न भिन्न है ।

iii) शुध्द कल्याण राग में यमन और भूप राग का मिश्रण है ।

iv) पं. भातखंडे जी ने 32 थाटों की रचना की है ।

v) पं. ओंकारनाथ ठाकुर भजन भी बहुत अच्छी ढंग से गाते थे ।

प्र. 7 नीचे दिये गए ताल कौन से विविध गानप्रकार के लिए बजाये हैं ये समझाइए । उदाहरणद्वारा (1 – 1 उदाहरण) (1X15 = 15)

i) त्रिताल ii) एकताल iii) चौताल iv) झपताल

v) पंजाबी vi) धमार vii) सूलताल viii) रुपक

ix) दादरा x) केहरवा xi) तेवरा xii) दीपचंदी

xiii) झूमरा xiv) तिलवाडा xv) आडा चौताल

**प्र. 8 योग्य पर्याय चुनें।** **(15)**

१) पं. विनायकराव पटवर्धन के गुरु कौन थे।

(i) बाळकृष्णवुवा इचलकरंजीकर

(ii) पं. रातांजनकर

(iii) पं. ओंकारनाथ ठाकूर

(iv) पं. विष्णु दिगंबर पलुस्कर

२) रात के प्रथम प्रहर में गाया जानेवाला राग कौनसा है ?

(i) भैरवी (ii) बागेश्री (iii) खमाज (iv) यमन

३) नीचे दिये गए वाद्यमें कौनसा पाश्चात्य वाद्य है ?

(i) गिटार (ii) तबला (iii) सरोद (iv) मृदुंग

४) नीचे दिये गए ताल में कौनसा ताल चौदा मात्रा का नही है।

(i) चौताल (ii) आडा चौताल (iii) धमार (iv) झूमरा

५) राग पुरीया धनाश्री का थाट कौनसा है ?

(i) पुर्वी (ii) मारवा (iii) तोडी (iv) भैरवी

६) तानपुरा कौनसे वाद्य प्रकार में आता है ?

(i) सुशीर (ii) तत (iii) वितत (iv) घन

७) कौनसे स्वरों की श्रुतीया 4 है ?

(i) सा, रे, ग (ii) ग, म, प (iii) सा म प (iv) सा म ध

८) रात के बारह बजे से दोपहर के बारा बजे तक के समय को क्या कहते है ?

(i) संधीप्रकाश (ii) पुर्वांग (iii) उत्तरराग (iv) मध्यान्ह

९) मालकंस राग गाते समय तानपुरेकी पहिली तार कौनसे सुर में मिलानी चाहिए ?

(i) ग (ii) प (iii) म (iv) नि

१०) पं. रातांजनकर ने कौनसी पुस्तक लिखी है ?

(i) संगीत रत्नाकर (ii) अभिनव गीत मंजिरी

(iii) राग विज्ञान (iv) मानकुतुहल

११) पं. ओंकारनाथ ठाकुर जी को किस उपाधीसे सन्मानित किया गया है ?

(i) संगीत भूषण (ii) संगीत चुडामणी

(iii) संगीत मार्तंड (iv) संगीत गंधर्व

१२) उ. अल्लादिया खांसाहब का जन्म कौनसी तारीख को हुआ ?

(i) 4 मई 1767 (ii) 10 अगस्त 1855

(iii) 31 दिसंबर 1899 (iv) 22 जुलै 1898

१३) कौनसे संगीतज्ञने राग सालगवराली, राग नारायणी को जनमानसमें प्रचलित किया ?

(i) पं. रातांजनकर (ii) उ. अल्लाउद्दीन खां

(iii) पं. विनायकराव पटवर्धन (iv) पं. निखिल बॅनर्जी

१४) निचे दिये गए रागो में से कौनसा राग परमेलप्रवेशक राग है ?

(i) भिमपलास (ii) मारुबिहाग

(iii) मुलतानी (iv) गौडसारंग

१५) कौनसे ताल मे सात खंड / विभाग रहते है ?

(i) दीपचंदी (ii) आडा चौताल (iii) धमार (iv) चौताल

**प्र. 9 ललित कलाएँ क्या है ? इसके बारे में स्पष्टीकरण लिखकर आपको इनमेंसे कौनसी कला पसंद है इसके बारे में समझाइए। (15)**

**प्र. 10 आधुनिक कालमें संगीत का जीवन मे क्या स्थान है समझाइये। (15)**